योग के रूप में भारतीय संस्कृति ने विश्व को एक अद्भुत उपहार दिया है: लोकसभा अध्यक्ष

...

वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मानवता के सामने जो कठिन चुनौतियाँ हैं, योग के माध्यम से उनका सामना संभव : लोकसभा अध्यक्ष

...

लोकसभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया

...

नई दिल्ली; 21 जून, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में संसद सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि योग के रूप में भारतीय संस्कृति ने विश्व को एक अद्भुत उपहार दिया है, असाधारण जीवन पद्धति दी है और उत्तम स्वास्थ्य का मार्गदर्शन दिया है। योग की इस विश्वव्यापी स्वीकृति से भारत की प्राचीन विद्या, संस्कृति, विचारधारा और जीवनशैली को विश्व भर में मान्यता मिली है, नई पहचान मिली है और भारत का गौरव बढ़ा है।

इस वर्ष की विषय "मानवता के लिए योग" का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में मानवता के सामने जो कठिन चुनौतियाँ हैं, योग के माध्यम से उनका सामना करना संभव है।